21.02.2026 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 7.10PM

प्रादेशिक समाचार

## मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री कल 'मन की बात' कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे।

- मुख्यमंत्री ने आज दतिया जिले में 532 करोड़ रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।

- राज्य निर्वाचन आयोग ने आज पूरे प्रदेश में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया।

- मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले चार दिन तक आंधी और बारिश की संभावना जताई।

## पीएम–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 131वां संस्करण होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। आकाशवाणी हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

## मुख्यमंत्री लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज दतिया जिले की तहसील सेवढ़ा में आयोजित कार्यक्रम में 532 करोड़ रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन किया। इनमें 299 करोड़ 32 लाख रुपये की लागत से पूरे हुए 53 विकास कार्यों का लोकार्पण और 233 करोड़ 24 लाख रुपये की लागत के 21 कार्यों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास शामिल है। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार प्रदेश के प्रत्येक वर्ग के सर्वांगीण कल्याण हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि 'किसान सम्मान निधि' और 'मुख्यमंत्री संबल योजना' जैसी जनकल्याणकारी योजनाएँ पात्र हितग्राहियों को आर्थिक संबल प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाने का कार्य कर रही हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न शासकीय योजनाओं में हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किये।

## प्रधानमंत्री ब्राजील समझौता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा के साथ विस्तृत वार्ता की। इस दौरान महत्वपूर्ण खनिजों, डिजिटल सहयोग, पारंपरिक ज्ञान के साझाकरण, स्वास्थ्य, एम.एस.एम.ई, उद्यमिता, जनसंचार सहित कुल दस समझौतों का आदान–प्रदान किया गया। दोनों नेताओं ने अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को 20 अरब डॉलर से अधिक तक बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई।

एआई इम्पैक्ट समिट घोषणापत्र

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में एआई इम्पैक्ट पर नई दिल्ली घोषणापत्र स्वीकार किया गया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर वैश्विक सहयोग में यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कुल 88 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने इसका समर्थन किया है। यह घोषणा पत्र आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण के लिए एआई का लाभ उठाने पर व्यापक वैश्विक सहमति को दर्शाता है। "सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय" के सिद्धांत से प्रेरित इस घोषणापत्र में एआई के लाभ मानवता के सभी वर्गों तक समान रूप से पहुंचाने पर बल दिया गया है। इसमें इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के तीन सूत्रों जन, पृथ्वी और प्रगति के लिए निरंतर सहयोग की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की गई है। घोषणापत्र में एआई इम्पैक्ट समिट के सात स्तंभों के अनुरूप अंतरराष्ट्रीय सहयोग और बहु–हितधारक सहभागिता को मजबूत करने का आह्वान किया गया है।

मतदाता सूची- बैठक

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश संजीव कुमार झा ने आज निर्वाचन सदन, भोपाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 के अंतर्गत प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची के संबंध में विस्तृत जानकारी दी । मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री झा ने बताया कि vkt पूरे प्रदेश में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या 5 करोड़ 39 लाख 81 हजार 65 है। इनमें पुरुष मतदाता 2 करोड़ 79 लाख 4 हजार 975, महिला मतदाता 2 करोड़ 60 लाख 75 हजार 186 तथा थर्ड जेंडर मतदाता 904 हैं।

बैठक के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अंतिम मतदाता सूची की सॉफ्ट कॉपी सौंपी गई। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी। जिन नागरिकों के नाम मतदाता सूची में छूट गए हैं अथवा किसी प्रकार का संशोधन है, वे ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। साथ ही जिन युवाओं ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है, वे भी अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। श्री झा ने बताया कि अंतिम मतदाता सूची मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश की आधिकारिक वेबसाइट पर भी देखी जा सकती है।

शिवराज- समीक्षा

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज हैदराबाद में सभी ऑटें संस्थानों की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमने आज तय किया कि आत्मनिर्भर भारत के लिए हमारे तीन लक्ष्य हैं।

गेहूं उपार्जन

किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि किसानों के परिश्रम के सम्मान के लिये राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए प्रदेशभर में किसानों का उत्साहपूर्ण प्रतिसाद मिल रहा है। अब तक 1 लाख 81 हजार से अधिक किसानों ने पंजीयन कराकर सरकार की किसान-हितैषी नीतियों पर विश्वास जताया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट किसानों की समृद्धि, उत्पादन क्षमता में वृद्धि और ग्रामीण विकास को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगा। यह बजट 'समृद्ध किसान – विकसित मध्यप्रदेश' के संकल्प को साकार करेगा।

शुक्ल. सुपर स्पेशलिटी अस्पताल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल रीवा से मरीजों को अन्यत्र रेफर न किए जाने के प्रयास हों, तृतीयक स्तर की उन्नत चिकित्सा सेवाएं यही उपलब्ध हों। यह प्रयास हो कि बाहर के मरीज भी यहाँ इलाज के लिए आएं। रीवा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में डीएम कॉर्डियोलॉजी के लिए चार सीटों की स्वीकृति हो गई है। अब यहाँ डीएम की भी पढ़ाई होगी। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने चिकित्सा सेवाओं एवं व्यवस्थाओं की वृहद समीक्षा की।

मौसम

प्रदेश में बीते 24 घंटों के दौरान भोपाल, रतलाम, मंदसौर, शाजापुर, धार, इंदौर, रायसेन, उज्जैन, सागर और छतरपुर समेत 20 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अगले चार दिन तक आंधी और बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है।

समाचार संक्षेप में:-

- राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत धार जिले के मनावर में वरिष्ठजनों के लिए हॉलिस्टिक वेल-बीइंग शिविर का आयोजन किया गया।
- शिवपुरी जिले में जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- अशोकनगर में आज स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने एवं आमजन में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक भव्य ब्लड मॉटिवेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- झाबुआ में दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेले का शुभारंभ महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने किया गया। मेले में किसानों को जैविक और प्राकृतिक खेती, आधुनिक कृषि तकनीक की जानकारी दी जा रही है।

- आगरमालवा जिले के सोयतकलां स्थित शासकीय महाविद्यालय में कल पौधारोपण तकनीक एवं नर्सरी विकास पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में कायिक प्रवर्धन के माध्यम से उन्नत किस्म के पौधों के उत्पादन की जानकारी दी गई

- पन्ना में आयोजित गिद्ध गणना 2026 के प्रथम दिवस पर कुल 942 गिद्ध दर्ज किए गए, जो हाल के वर्षों में सर्वाधिक संख्या है। इससे पूर्व वर्ष 2025 में 762 तथा 2024 में 648 गिद्ध दर्ज हुए थे।

- भिंड जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 719 पर आज तडके हुई सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई और 6 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये।

-----------------------------